# पन्ना के लाल श्रीनिवास सिंह पश्चिम बंगाल में शहीद

## राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, चुनाव की ड्यूटी में तैनात थे पश्चिम बंगाल में

नवभारत न्यूज


**पन्ना, 02 मई. मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के कल्दा पठार क्षेत्र में आज उस वक्त हर आँख नम हो गई, जब पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए शहीद श्रीनिवास सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुँचा।**



सागर की 10वीं बटालियन में पदस्थ 59 वर्षीय श्रीनिवास सिंह पश्चिम बंगाल में चुनावी मोर्चे पर तैनात थे, जहाँ अचानक बीमारी के चलते उन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। आज 2 मई को जैसे ही शहीद का तिरंगे में लिपटा शरीर विशेष वाहन से गांव पहुँचा, भारत माता की जय और शहीद श्रीनिवास अमर रहें के नारों से पूरा आकाश गुंजायमान हो उठा। हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। प्रशासन की ओर से शहीद को राजकीय सम्मान दिया गया। पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने गार्ड ऑफऑनर और गन सैल्यूट देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। इस शहादत से समूचे इलाके में शोक की लहर है, लेकिन ग्रामीणों को अपने माटी के लाल के कर्तव्यपरायणता पर गर्व भी है।

# जेठ मास जे दिन मा सोवय,ओकर जर आषाढ़ मा रोवय

एक रोज हम अपने बाबा कै लिखीं एक किताब पढत रहन तब हमी इया कहनुत पढय का मिली रही.जेमा उं बताए रहे कि जेठ मास जे दिन मा सोवय,ओकर जर आषाढ़ मा रोवय .कबहू-कबहू हम सोचा करित हयन की पहिले यति पढाई लिखाई भले ना रही हो पर लोगन का लडाय कै यता





निकहे से बताय दीन जात रहा की का केखे खितिर नीक हय अउर का केखे खितिर नागा.फेर जब हम अब कै पढाई कै बारे मा सोचित हयन ता पता चलत हय की जानकार वहय पूरनकिवा बातन का कक्षन मा बॉंट दीन्हीं हय. हम पाच्य अब की पढाई कै माथे चारों कई पढे-लिखे होय का गाल बजाबत बागित हयन. जे इया सब बचाय कै सौपिस वोहि मूरुख कहित हयन. पहिले जउने मेर का बोली-बतकहाव,चाल-चलन,रहन-सहन रहा हय वोखर आज नाही समझा जा सकय. इतिहास मा पढय से लागत हय की जे इया देस मा राज कीन्हिस हय वा आपन पहिचान बनाए रखय कै खितिर हमसे हमार सब कुछु छिनाय लिहिन्स .जउन जइसन पुरखा बचाय लिहिनन. एहि मा आज बड़े-छोट सब कोउ गाल बजाबत बागत हय. कोउ आपन देउता बदलत हय ता कुछु जने पूजा-पाठ का तउर-तरीका .एक -दूसरे से अलग देखय कै खितिर जउन हम पाच्य कर रहे हयन वा आमय वारी पीढी कै खितिर आपन कहय लायक कुछु ना छोड़ी.एक-साथ रहि कै पुरखा हमी पाच्य का पइदा किन्हीन तब बहुत कुछु कमी रही हय, पर एक-दूसरे कै साथ मिल-मिलाय कै सब काम होइ जात रहे.अब ता घर-परिवार अउर समाज मा अइसन लोगन का मान-सम्मान अधिकय हय जे दूसरन कै कामन मा अरझन पइदा कर सकत हय. काम बनामय बालेन का मेहनत कई कै ढूढय का परत हय. हमार कहब इया हय की अब इया समय कै बतान का भुलाय कै कुछु नया आपसी तालमेल बनामय कै पहल सब कोउ का करय चाही.

# आंधी के दौरान युवक के ऊपर बिजली पोल गिरा, मौत

## अमिलिया थाना क्षेत्र के हौदाबांध गांव में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 2 मई. जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र के हौदाबाध गांव में शनिवार दोपहर आंधी के कारण बिजली का खंभा गिरने से एक 28 वर्षीय युवक की जान चली गई।**



युवक अपने घर से किसी काम से बाहर जा रहा था, तभी हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12 बजे जब तेज आंधी आई, तो गांव में पहले से झुका हुआ एक जर्जर बिजली का पोल अचानक कमलेश पटेल के ऊपर गिर गया। पोल सीधे उनके सिर और पीठ पर लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों की कोशिशों के बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। कमलेश के चाचा छठी लाल पटेल ने बताया कि वह अपने परिवार में अकेला कमाने वाला सदस्य था। उसके जाने से परिवार के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। साथ ही ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में कई पोल जर्जर स्थिति में हैं, जिन्हें तुरंत ठीक किया जाना चाहिए ताकि फिर कोई ऐसी घटना न हो।

**इनका कहना है**

अस्पताल की सूचना पर मर्ग कायम कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद आगे की जांच होगी।

**राकेश बैस,**
थाना प्रभारी अमिलिया

# पेड़ से टकराई कार, चालक की मौत, 5 घायल

- शादी से लौटते समय अमकुई के पास हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. जसो थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन बच्चों सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**

हादसा तेज रफ्तार के कारण कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से हुआ। मृतक की पहचान अमकुई निवासी पवन सोनी के रूप में हुई है। वे वर्तमान में सतना के धवारी में रहते थे।



बताया जा रहा है कि पवन शुक्रवार को भांजे की शादी में शामिल होने ओंकार पैलेस गए थे। समारोह के बाद शनिवार दोपहर वे रिश्तेदारों को कार से गांव छोडने के लिए निकले थे। अमकुई गांव के नजदीक पहुंचते ही कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक पवन सोनी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार सवार तीन बच्चों सहित पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल नागौद अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों में 7, 9 और 11 साल के बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजन उन्हें आगे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही जसो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है।

# महिला को तेज रफ्तार कार ने रौंदा

## घटना स्थल पर ही मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मई, जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की चपेट में आई महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई. घटना के बाद कार चालक गाड़ी सहित भाग निकला.**

परिजनों ने बताया कि भीटी निवासी माया तिवारी भागवत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पैदल अपने घर से निकली थी तभी रास्ते में तेज रफ्तार दौड़ रही कार से टक्कर हो गई. शाम तकरीबन 4:00 बजे हुई घटना के बाद जब तक लोग मौके पर पहुंचे कार चालक भाग चुका था. इस पूरी घटना को देख रहे लोगों ने बताया कि सफेद कलर की कार महिला को ठोकर मारते हुए निकल गई. जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां से मृतिक के शव को पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया. वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पुलिस अज्ञात कार की पहचान करने में जुटी हुई है.

# आधा दर्जन सचिवों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 मई। जिले के जनपद पंचायत चितरंगी एवं बैढ़न के आधा दर्जन ग्राम पंचायतों के सचिवों के दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के जिपं सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने निर्देश देते हुये शोकाज नोटिस भी जारी किया गया है।**



जानकारी के अनुसार आज 2 मई को जिला पंचायत सिंगरौली के दफ्तर में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत न्यून प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा की गई, जिसमें जनपद पंचायत चितरंगी की ग्राम पंचायत माचीकला एवं जनपद पंचायत बैढ़न की ग्राम पंचायत भवरखोह, बरहपान, तियरा, पिपराकुरन्द एवं उर्ती की प्रगति न्यून रही। जिसमें उक्त पंचायत के सचिवों को दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश देते हुये जिला पंचायत सीईओ ने शोकाज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सीईओ की इस कार्रवाई से लापरवाह ग्राम पंचायतों के सचिवों में हड़कंप मच गया है।

# आदिवासी के साथ बेरहमी से मारपीट कर वीडियो वायरल

## पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों के विरूद्ध अपराध किया पंजीबद्ध, सीएचपी निगाही का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 मई। नवानगर थाना क्षेत्र के सीएचपी निगाही में एक आदिवासी बैगा जाति के साथ हॉकी से बेरहमी से मारपीट किये जाने का वीडियों वायरल होने के बाद पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। यह वीडियों ढाई महीने के आसपास का बताया जा रहा है।**



दरअसल सोशल मीडिया में एक बड़े तेजी से वीडियों वायरल हो रहा है, जिसमें संरक्षित जनजाति बैगा प्रौढ़ व्यक्ति अन्नेलाल बैगा उम्र 40 वर्ष निवासी निगाही के साथ एक व्यक्ति हॉकी से बेरहमी से मार रहा है और वह व्यक्ति रहम की भीख मांग रहा है। फिर भी वहां मौजूद अन्य लोग ने भी पैर तोड़ने की बात कर रहे हैं और बैगा हाथ-पाव जोड़कर मिन्नते कर रहा है। बगल में उसकी पत्नी भी रहम की भीख मांग रही है, परंतु बहसे लोग एक भी बात सुनने को तैयार नही हैं और उसे पीट-पीट कर अधमरा करते दिखे हैं। आरोप है कि अन्नेलाल सीएचपी में चोरी करने गया था और उसे सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया, जहां पुलिस को सौपने के बदले स्वयं कानून को अपने हाथ में लेकर बेरहमी से पिटाई करने लगे। वीडियों वायरल होने पर नवानगर पुलिस ने आरोपी एमडी सिंह सिक्योरिटी संचालक एवं दो अन्य के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 296(बी),351 (3), 3 (5) एवं 3(द),3(ध), 3,2 व्हीए एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**अन्नेलाल मांगता रहा रहम का भीख**

बेदर्दी लोग इतने कठोर दिल के थे कि अन्नेलाल बराबर रहम की भीख मांग रहा था, वीडियों में उसकी आवाज स्पष्ट सुनाई भी दे रहा है, परंतु मारपीट करने वाले आरोपी उसकी एक भी बात नही सुन रहे हैं। वीडियों को देखकर हर व्यक्ति की रूह काप जा रही है और यह कहा जा रहा है कि इतना कठोर दिल नही होना चाहिए, यदि चोरी कर रहा था तो पुलिस के हवाले कर देना चाहिए था, परंतु आरोपीगण खुद न्याय की भूमिका में आग गये और ऑन द स्पॉट न्याय करने लगे। वीडियों वायरल होने के बाद आरोपीगण भूमिगत हो गये हैं।

# सिंगरौली में पुलिस संचार को मिलेगा नया बल, 45 मीटर ऊंचा रेडियो टॉवर स्थापित

नवभारत न्यूज

**देवसर 2 मई। जिले में पुलिस संचार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यालय बैढ़न से बेहतर और सुचारू कम्युनिकेशन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से थाना जियावन के लिए 45 मीटर ऊंचा रेडियो टावर स्थापित किया जा रहा है।**



यह टावर एसीईएस कंपनी के प्रिंसिपल विनोद तिवारी के नेतृत्व में तैयार किया जा रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर जियावन थाना प्रभारी शेषनारायण द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस स्टाफ, टावर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी तथा पंडित लाल बहादुर चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। इस आधुनिक रेडियो टावर के स्थापित होने से पुलिस विभाग की संचार प्रणाली पहले से कहीं अधिक मजबूत और प्रभावी होगी। खासतौर पर आपात स्थितियों में त्वरित सूचना आदान-प्रदान संभव होगा, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में तेजी और कार्यक्षमता दोनों बढ़ेंगी। यह पहल न केवल पुलिस कार्यप्रणाली को गति देगी, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को भी और बेहतर बनाएगी।

# कुसमी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 14 गांजा के हरे पौधे जब्त

- एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी, 2 मई. जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुसमी पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव और एसडीओपी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई ने क्षेत्र में हड?प मचा दिया है। थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुसमी थाना क्षेत्र के गाजर गांव में एक व्यक्ति अपने घर के पास बाड़ी में गांजा के पौधे उगा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत छापेमार कार्रवाई की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सुदर्शन सिंह उम्र 42 वर्ष पिता बहादुर सिंह निवासी गाजर के कब्जे से 14 हरे गांजा के पौधे बरामद किए। पुलिस ने सभी पौधों को जप्त कर लिया और आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी के साथ पुलिस टीम के सदस्य रामेश्वर सिंह, कमलेश प्रजापति सहित अन्य जवान मौजूद रहे। कुसमी पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के बीच डर का माहौल बना हुआ है और पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शराब ठेकेदार के गुर्गों ने रात में घर में घुस कर ली तलाशी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 2 मई, रीवा जिले में गुढ़ समूह का नया शराब ठेका लगातार चर्चाओं में बना हुआ है. हाल ही में एक ग्रामीण पर जबरन शराब बिक्री का दबाव बनाने की घटना के बाद आधी रात एक ग्रामीण के घर में जबरन घुसकर तलाशी लेने का मामला प्रकाश में आया है.**

आरोप है की घर में घुसे शराब ठेकेदार के गुर्गों के द्वारा महिलाओ के साथ अभद्रता भी की है. फिलहाल मामले का विडियो एक बार फिर सामने आया है, जिस पर जिम्मेदार विभाग के आलाकमानो ने चुप्पी साध रखी है. दरअसल मामला रीवा जिले के गुढ़ समूह के अंतर्गत आने वाले शासकीय कंपोजिट शराब दुकान मनिकवार का है, जहा के ठेकेदार और उनके गुर्गो के हौसले इन दिनों काफी बुलंद हैं. आबकारी विभाग के कथित संरक्षण में शराब कारोबारी अब पुलिस की भूमिका निभाते हुए आम नागरिकों के घरों में जबरन घुसकर तलाशी ले रहे हैं. मामला मनिकवार चौकी क्षेत्र के ग्राम हिनौती से सामने आया है, जहाँ बीती रात्रि शराब ठेकेदार के गुर्गों ने सोनू जायसवाल नामक ग्रामीण के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया. प्राप्त जानकारी और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के अनुसार ठेकेदार के दर्जनों गुर्गे आधी रात को सोनू जायसवाल के घर में बिना किसी वैधानिक अधिकार के घुस गए.

**पीने वालों को पुलिस ने खदेड़ा**

शहर की बिछिया शराब दुकान में नियमों की धज्जियां उड़ाने के बाद पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है . पुलिस ने शुक्रवार की रात दुकान के सामने सार्वजनिक रूप से शराब पीने वालों की भीड़ को ना सिर्फ खदेड़ा, बल्कि बेतरतीब खड़े वाहनों को भी जप्त किया है . पुलिस की इस कार्यवाही से ना सिर्फ सुरा प्रेमियों में हड़कंप मच गया बल्कि दुकान के लोग भी सकते में आ गए .

# एसपी सीधी ने जन चौपाल में दो कुपोषित बच्चों को लिया गोद

नवभारत न्यूज

**सीधी, 2 मई. मध्यप्रदेश- छत्तीसग? सीमा पर स्थित जिला सीधी के दुरुस्थ सुदूर अंचल ग्राम रुद्रा भदौरा के करौदी गांव स्थित आंगनबाड़ी परिसर में आयोजित जन चौपाल में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें उनके अधिकारों एवं शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूक किया।**



बैगा समाज के बाहुल्य क्षेत्र में जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य समतामूलक समाज की स्थापना की दिशा में अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 एवं उसके संशोधित प्रावधान 2016 के बारे में जागरूकता फैलाना, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताना, नशामुक्ति के महत्व एवं नशा सेवन के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करना तथा महिला संबंधी अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी श्रीमती माया गोस्वामी द्वारा विभागीय योजनाओं, विशेषकर बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी कुसमी अरुणा द्विवेदी ने महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों तथा साइबर सुरक्षा के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के संदर्भ में गुड टच एवं बैड टच की जानकारी भी सरल एवं प्रभावी तरीके से दी गई। जन चौपाल के दौरान ग्राम में दो बच्चों के कुपोषित होने की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए निर्मला बैगा उम्र 2 वर्ष 8 माह एवं आकाश बैगा उम्र 2 वर्ष 3 माह को उनके पूर्ण पोषण तक गोद लेने की घोषणा की।

## महुगड़ी में प्रौढ़ एवं कुशमई में युवती फांसी लगाई

**सिंगरौली 2 मई।** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम महुगड़ी में आज शाम 5 बजे एवं मोरवा थाना क्षेत्र के कुशमई में 18 वर्षीय युवती फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर ली थी। जानकारी के अनुसार ग्राम महुगड़ी निवासी बबई बैगा पिता रामलखन बैगा उम्र 40 वर्ष ने अपने ससुराल महुगड़ी में ही आज शाम 5 बजे अज्ञात कारणों से फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर लिया है। वहीं मोरवा थाना क्षेत्र के कुशमई निवासी एक 18 वर्षीय युवती एक पेड़ के डाली में फांसी के फंदे पर झूल गई।

# नीट की परीक्षा आज, सतना में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. शहर के सात केंद्रों पर आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है**

कलेक्टर ने सभी केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, कमरों में पंखों की चालू स्थिति और बिजली कटौती की स्थिति में जनरेटर सेट की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षार्थियों के कीमती सामान के लिए सुरक्षित क्लॉक रूम बनाने के निर्देश भी दिए गए हैं।परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं परीक्षा के बाद शाम 6 से 8 बजे के बीच सघन पुलिस पेट्रोलिंग रहेगी। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी रखी गई है कलेक्टर ने ट्रैफिक पुलिस को केंद्रों के बाहर यातायात सुचारू रखने



और स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस सहित मेडिकल टीम को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं। महिला परीक्षार्थियों की गरिमापूर्ण जांच के लिए पर्याप्त संख्या में महिला सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है वहीं परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:20 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों के लिए केंद्र में प्रवेश का समय प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित है। दोपहर 1:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में किसी भी प्रतिभागी को परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रशासन ने अपील की है कि परीक्षार्थी अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय पूर्व ही केंद्र पर पहुंचें।

**परीक्षा में शुचिता के लिए कड़े कदम**

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त नियम लागू किए गए हैं परीक्षार्थियों को अपने साथ पेन लाने की आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा सभी को केंद्र पर ही काला बॉल पेन उपलब्ध कराया जाएगा। अन्य किसी भी प्रकार की लेखन सामग्री पूरी तरह वर्जित है परीक्षार्थियों को हल्के कपड़े और हल्के जूते या सैंडल पहनकर आने की सलाह दी गई है।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99